दिनांकः 09.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए आज से विशेष निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मातृ और शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, मौसमी बीमारियों, लू–तापघात और गर्मी जनित बीमारियों के प्रबंधन की तैयारियों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। उच्च स्तर से लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि आज प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस और मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण दिवस एक साथ हैं। इस अवसर पर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से 27 आकांक्षी ब्लॉक का विशेष निरीक्षण करने के लिए बनाई गयी टीमें संबंधित जिलों में आंकाक्षी ब्लॉक के साथ ही एक अन्य ब्लॉक का निरीक्षण करेंगी। इन टीमों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की कार्य योजना तैयार की जाएगी।

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर तापमान में लगातार बढोतरी और लू चलने के कारण जनजीवन पर असर पड़ रहा है। लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में पारे में और उछाल आया। बाड़मेर में तापमान बढकर 46 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो प्रदेश में सर्वाधिक रहा। कल छह अन्य स्थानों पर तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में आगामी 24 घंटों में यही स्थिति बनी रहेगी। वहीं पूर्वी राजस्थान में थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं। उन्होंने बताया कि कल से एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आंधी बारिश की गतिविधियां होने की संभावना है। इससे तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट आएगी।

....

तेज गर्मी को देखते हुए प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों को राहत देने के लिए परिंडे बांधे जा रहे हैं। इसी कड़ी में झालावाड ने कल 17 हजार 700 परिंडे बांधकर लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया है। लंदन ने जिला परिषद झालावाड को प्रोविजिनल सर्टिफिकेट देकर इसकी पुष्टि भी की है। जिला प्रशासन ने स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से पक्षियों को इस भीषण गर्मी में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 11 हजार परिंडे बांधने की पहल की थी, जो शाम तक 17 हजार 700 के आंकड़े को पार कर गया।

इधर, जयपुर में नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों को गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतज़ाम किये गये हैं। वन्यजीवों के एन्क्लोजर में डक्टिंग, कूलर, रैन गन और फव्वारे लगाये गये हैं। उपवन संरक्षक जगदीश गुप्ताने बताया कि शाकाहारी वन्यजीवों को खाने के लिए भरपूर पानी की मात्रा वाली सब्जियां और फल दिये जा रहे हैं। वन्यजीवों को ग्लूकोज का घोल भी पिलया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें श्रद्धांललि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और शौर्य का प्रतीक है, जो हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि संस्कृति, स्वधर्म और स्वाभिमान के ऐसे महानायक के जीवन से देश युगों युगों तक प्रेरणा लेता रहेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराणा प्रताप को याद करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि महाराणा प्रताप ने अपनी राष्ट्रभक्ति से जन जन में अन्याय और अधर्म के खिलाफ लड़ने का विश्वास जगाया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने महाराणा प्रताप के चरित्र और शौर्य को नमन करते हुए कहा है कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महाराणा के पराक्रम की वीरगाथा सदैव अमर रहेंगी।